**Need to expedite construction of Sone-Kanhar Pipeline Irrigation Project in Jharkhand- Laid**

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले (झारखण्ड) की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गयी थी । राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलम्ब से वर्ष 2019 में एलएनटी कंपनी के द्वारा शुरू किया गया एवं मार्च 2022 तक कार्य को पूर्ण करना था जो समय पर नहीं हो पाने के कारण उक्त कम्पनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया था । परंतु उक्त कम्पनी के द्वारा अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है तथा अभी भी कार्य अपूर्ण है जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है । विदित है कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी एवं गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जाएगा । उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवश्यकता है । मैं जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से माँग करता हूँ कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूर्ण कराने की कृपा की जाये ।